वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

... सिर्फ सच का साथ

जनमुख

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

यूट्यूब से भी कर सकेंगे फिल्म फेस्टिवल 'मल्हार' में वीडियो सबमिट

● यह मंच पेशेवर और शौकिया फिल्म निर्माताओं के काम का स्वागत करता है

नयी दिल्ली। भारत का सबसे बड़ा वर्चुअल फिल्म फेस्टिवल 'मल्हार', अपने दूसरे संस्करण के साथ फिर से आपके सामने हाजिर है। यह मंच पेशेवर और शौकिया फिल्म निर्माताओं के काम का स्वागत करता है, जो दर्शकों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए उनकी भावनाओं, अनुभवों, व्याख्याओं और जीवित कल्पनाओं को दर्शाता है। मैच माई टैलेंट द्वारा आयोजित मल्हार फिल्म फेस्टिवल का लक्ष्य अजनबियों से उनकी कहानियों के माध्यम से जुड़ना और नए दृष्टिकोण खोजना है। यूट्यूब और फेसबुक पर भी वीडियो बनाने वाले कलाकार अपनी फिल्म को इस फिल्म फेस्टिवल में सबमिशन कर सकते हैं और फिल्म मेकिंग में अपना रास्ता बनाने के द्वार खोल सकते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल में शिक्षा, प्रवास, जेंडर और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आधारित फिल्मों को सबमिट किया सकता है। फिल्म 30 मिनट से कम की होनी चाहिए। अच्छी फिल्मों के लिए विजेताओं को विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मल्हार फिल्म फेस्टिवल 9 जुलाई 2022 को लाइव होगा और 16 जुलाई 2022 तक चलेगा। फिल्म सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022 है। इस फेस्टिवल को सभी फिल्म निर्माताओं से अपार लोकप्रियता मिली है, जिसमें भारतीय सिनेमा के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे आदिल हुसैन, रजित कपूर, नीरज काबी, अजयन विंसेंट और गौतम वाड़े का योगदान शामिल है। पहले के प्रतिभागियों का मानना है कि मल्हार एक ऐसा प्लेटफार्म है जो प्रोफेशनल फिल्म मेकर्स के अलावा उन सब लोगो के लिए भी बहुत कारगर प्लेटफार्म है जो फिल्म मेकिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं। मल्हार पेशेवर फिल्म निर्माताओं को ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने के लिए मंच प्रदान करता है। इस मंच के माध्यम से यह त्योहार क्षेत्रीय फिल्म निर्माताओं और शार्ट फिल्म्स बनाने वाले को आगे आने और अपनी स्थानीय भाषा में फिल्में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहा है। यूट्यूब से भी अपनी शार्ट फिल्म को मल्हार में सबमिट कर सकते हैं।

● वर्ष-43 ● अंक 181 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

● वाराणसी, बुधवार, 16 मार्च 2022